वेबसाइट:www.bankofbaroda.in ईमेल corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/Place: Mumbai तारीख/Date: -- 22.08.2023

प्रेसविज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा वैयक्तिक निवासी ग्राहकों के लिए वीडियो री-केवाईसी सुविधा की शुरुआत

ग्राहक अपनी शाखा में गए बिना भी डिजिटल माध्यमों से कुछ ही मिनटों में सुरक्षित तरीके री-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं

मुंबई, 22 अगस्त, 2023: भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने पात्र वैयक्तिक निवासी ग्राहकों के लिए वीडियो री-केवाईसी सुविधा की शुरुआत करने की घोषणा की। यह ग्राहकों के लिए वैकल्पिक और अधिक सुविधाजनक तरीका है, ग्राहक इसके ज़रिये डिजिटल माध्यमों से केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) को समय-समय पर अपडेट कर सकते हैं और यह सुविधा अंग्रेज़ी एवं हिंदी में उपलब्ध है। जिन ग्राहकों ने अब तक री-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है, वे शाखा में आए बिना अपना वीडियो केवाईसी कुछ ही मिनटों में पूरा कर सकते हैं।

वीडियो केवाईसी सुविधा का लाभ उठाने के लिए, ग्राहक को भारत का नागरिक होना चाहिए, उसकी उम्र 18 साल से अधिक होनी चाहिए, और उनके पास अपना आधार नंबर तथा मूल पैन कार्ड होना चाहिए। इस प्रक्रिया के पहले चरण में, ग्राहकों को बैंक ऑफ़ बड़ौदा की वेबसाइट पर जाकर कुछ बुनियादी जानकारी ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी और री-केवाईसी आवेदन पूरा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत हो जाने के बाद, बैंक अधिकारी के साथ वीडियो केवाईसी कॉल की व्यवस्था की जाएगी। वीडियो कॉल के दौरान, ग्राहकों को मूल पैन कार्ड, एक सफेद कागज और एक नीले/काले कलम की जरूरत होगी।

वीडियो री-केवाईसी कॉल सभी कार्य दिवसों पर कारोबारी के घंटों (सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) के दौरान की जाएगी।
वीडियो सेशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, बैंक के रिकॉर्ड में ग्राहक के विवरण को अपडेट किया जाएगा और इसकी पुष्टि के लिए ग्राहक को टेक्स्ट मैसेज भेजा जाएगा।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवाईसी को समय-समय पर अद्यतन करना (री-केवाईसी) अनिवार्य है और ग्राहक को केवाईसी अपडेट हेतु निर्धारित समय पर अपने केवाईसी दस्तावेज़ों को बैंक में तुरंत अपडेट कराना होगा। वीडियो री-केवाईसी सुविधा की शुरुआत के बाद केवाईसी को समय-समय पर अपडेट करना बेहद आसान और अधिक सुविधाजनक हो गया है, जो ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बना देता है। बैंक के जिन ग्राहकों की ने री-केवाईसी लंबित है, वे अब इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं और प्रक्रिया को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वर्ष 2021 में पूर्ण डिजिटल बचत खाते खोलने के लिए वीडियो केवाईसी की शुरुआत की थी। बैंक ने अब ग्राहकों की सुविधा के लिए वीडियो केवाईसी के दायरे को व्यापक किया है, ताकि उनके लिए री-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करना बहुत आसान हो सके।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 165 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com